पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

शिक्षक दिवस पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊ : 04 सितम्बर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिका बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि देश के महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस 'शिक्षक दिवस' के रूप में हमें सदैव शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए और अच्छा करने की प्रेरणा प्रदान करता है। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का भविष्य प्रशस्त किया जाता है, जिसके माध्यम से वह समाज और राष्ट्र की अमूल्य सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि एक गुरू और शिक्षक का संबंध केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देने तक ही सीमित नहीं होता, बल्कि वह अपने विद्यार्थियों को हर परिस्थिति और समस्याओं से निपटने की राह भी दिखाता है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आशा व्यक्त की कि शिक्षकों के सकारात्मक कृतित्व से विद्यार्थियों का भविष्य सदैव उज्ज्वल तथा उच्च सोपानों पर आलोकित होता रहेगा।

———

ओ0पी0राय/राजभवन (24/19)